कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा संचालित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा से सम्बन्धित उत्तर पुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांकः 19 मई, 2025. निर्धारित की जाती है। सन्निरीक्षा शुल्क रुपया 500–00 (पांच सौ रूपये) प्रति प्रश्नपत्र की दर से (लिखित एवं प्रयोगात्मक खण्ड हेतु पृथक–पृथक) निर्धारित है। सन्निरीक्षा से सम्बन्धित आवश्यक निर्देश परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित विषयों हेतु निर्धारित शुल्क चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करेंगे। तत्पश्चात् ऑनलाइन भरे, सन्निरीक्षा आवेदन के विवरणों को डाउनलोड कर उसके प्रिन्ट आउट के साथ सन्निरीक्षा हेतु जमा किये गये सन्निरीक्षा शुल्क के मूल चालान पत्र को उसके सत्यापन हेतु संलग्न कर उसे रजिस्टर्ड डाक से परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय को निर्धारित तिथि दिनांकः 19 मई, 2025 तक प्रेषित करेंगें। क्षेत्रीय कार्यालय में बिना आनलाइन के सीधे अथवा कोरियर अथवा डाक से भेजा गया कोई भी आवेदन पत्र (OFF LINE) स्वीकार नहीं किया जायेगा। दिनांकः 19 मई, 2025 के पश्चात् जमा किये गये चालान के साथ प्रेषित सन्निरीक्षा के आवेदन पत्र पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही किया जाना सम्भव नही होगा, जिसके लिए सम्बन्धित परीक्षार्थी ही उत्तरदायी होगें।

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/गोपनीय/71 (1-6) दिनांकः 26 अप्रैल, 2025

उपर्युक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1– प्रधान सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र .... प्रयागराज को इस आशय से प्रेषित है कि वे इस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित समाचार पत्र के प्रत्येक संस्करण में प्रमुख स्थान पर जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

3– वैयक्तिक सहायक, शि0नि0 (माध्यमिक) एवं सभापति, मा0शि0प0, उ0प्र0, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड़, लखनऊ।

4– अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, क्षे0का0, मेरठ/बरेली/वाराणसी/प्रयागराज एवं गोरखपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

5– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।

6– उप सचिव (सिस्टम सेल), मा0शि0प0, उ0प्र0, प्रयागराज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

25/4/2025
(भगवती सिंह)
सचिव।

Scanned with CamScanner

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा कक्षा 10 एवं 12 में सन्निरीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए नीचे दिये गये स्टेप्स को फॉलो करें–

1. सर्वप्रथम माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट www.upmsp.edu.in को अपने कम्प्यूटर/मोबाइल ब्राउजर पर खोलें।
2. पेज खुलने पर हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा के लिये ऑनलाइन आवेदन– परीक्षा वर्ष 2025के प्रदर्शित बटन पर क्लिक करें
3. नया पेज खुलेगा जिसमे नीचे बाई तरफ प्रदर्शित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाओं की सन्निरीक्षा के लिये ऑनलाइन आवेदन– परीक्षा वर्ष 2025 लिंक खोले पर क्लिक करें।
4. तीन विकल्प प्रदर्शित होंगे–

हाईस्कूल के लिये आवेदन करने हेतु क्लिक करें	इण्टरमीडिएट के लिये आवेदन करने हेतु क्लिक करें	ट्रेजरी चालान फॉर्म डाउनलोड करें

5. ट्रेजरी चालान फॉर्म डाउनलोड बटन पर क्लिक कर ट्रेजरी चालान फॉर्म का प्रिन्ट निकाल कर सन्निरीक्षा सम्बन्धी विवरण भरने के उपरान्त नजदीकी बैंक शाखा में जमा कर मूल प्रति प्राप्त करें। (नोट–प्रतिप्रश्नपत्र सन्निरीक्षा शुल्क 500/–रू0 मात्र है)
6. हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 के लिये स्क्रूटिनी हेतु आवेदन सम्बन्धी विवरण (यथा अनुक्रमांक, जन्मतिथि, विद्यालय कोड) भरने के उपरान्त Get Data पर क्लिक करें।
7. परीक्षार्थी का पूरा विवरण प्रदर्शित होगा (यथा नाम, माता–पिता का नाम, अनुक्रमांक, जन्मतिथि विद्यालय कोड) नीचे स्क्रॉल करने के उपरान्त विषय जिनकी लिखित परीक्षा अथवा प्रयोगात्मक दोनों परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं की स्क्रूटिनी करानी हो का चयन करें।
8. विषय चयन के उपरान्त सन्निरीक्षा शुल्क को ट्रेजरी में परीषद के मद में जमा कराये जाने का विवरण (यथा जमा की गयी धनराशि, चालान संख्या, ट्रेजरी में शुल्क जमा करने की तिथि, ट्रेजरी बैंक का नाम जहां शुल्क जमा किया है) को भरें।
9. चालान का स्कैन कॉपी अपलोड करें (यथा निर्धारित फॉर्मेट एवं साइज में)।
10. Save Scrutiny Application पर क्लिक करें
11. भरे हुए आवेदन को डाउनलोड कर मुद्रित कर उसे उपरोक्तानुसार जमा किये गये ट्रेजरी चालान की मूल प्रति के साथ सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक से निर्धारित तिथि से पूर्व प्रेषित अवश्य कर दें।

Scanned with CamScanner
SarkariResult.Com